# मेरे रोम रोम और साँस साँस पर जिसका सदा बसेरा लिरिक्स

मेरे रोम रोम और,
साँस साँस पर,
जिसका सदा बसेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
इस अंधियारे जीवन में आकर,
जिसने किया सवेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा।bd।

तर्ज – जहाँ डाल डाल पर सोने की।

---

गर चलते चलते राहों में,
पत्थर से जब टकराऊँ,
(मेरे श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम मेरे श्याम)
आकर के संभाले खुद बाबा,
मैं होले से मुस्काऊँ,
मैं होले से मुस्काऊँ,
जब जब विपदा आए मुझ पर,
हर लेते जो दु:ख मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा।bd।

---

दर दर जाकर मैंने अपनी,
किस्मत को था आजमाया,
(मेरे श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम मेरे श्याम)
मुझको सबने दुत्कारा पर,
बाबा ने गले लगाया,
बाबा ने गले लगाया,
अब तन मन धन सबकुछ अर्पण,
जो दिया है बाबा तेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना विज्ञापन के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अपनी किस्मत चमकाओ,
(मेरे श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम मेरे श्याम)
जो मिटी हुई है भाग्य की रेखा,
वो बाबा से खिचवाओ,
वो बाबा से खिचवाओ,
लिख देंगे बाबा भाग्य में वो,
जो लिखा ना होगा तेरा,
**Bhajan Diary Lyrics,**
वो बाबा श्याम है मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा।**bd**।

---

मेरे रोम रोम और,
साँस साँस पर,
जिसका सदा बसेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
इस अंधियारे जीवन में आकर,
जिसने किया सवेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा,
वो बाबा श्याम है मेरा।**bd**।

स्वर – राजू मेहरा जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com